एन.आई.ओ.एस/शैक्षिक/2021/222/16/हिंदी

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक

अध्याय - 16

सामाजिक और शैक्षिक समस्याए

कार्यपत्रक - 16

1. "भारतीय समाज सामाजिक वैश्विक बद्लाव से गुजर रहा है"। दिए गए कथन का समालोचनात्मक विश्लेषण करें और भारत की वर्तमान सामाजिक-आर्थिक संरचना पर टिप्पणी कीजिए।
2. गरीबी लगभग हर समाज के लिए प्रमुख चिंताओं में से एक है क्योंकि इसके कुछ भयानक परिणाम होते हैं। समाज में मौजूद विभिन्न प्रकार की गरीबी पर प्रकाश डालिए।
3. भारत का पहला सतत विकास लक्ष्य "नो पॉवर्टी" 2015 में अपनाया गया था। लेकिन नीति आयोग की 2019 की रिपोर्ट के अनुसार, अधिक लोग गरीबी में जीवन व्यतित कर रहे हैं। गरीबी के कारणों और परिणामों की व्याख्या कीजिए।
4. कमल उत्तर प्रदेश के एक गांव में रहते हैं। इस गांव में अस्पृश्यता, जाति और लिंग के आधार पर भेदभाव की सख्त नीति है। कमल कुछ बच्चों की मदद करना चाहता है क्योंकि वे गाँव की नीतियों के कारण अभाव का सामना कर रहे हैं। कमल को इन बच्चों की मदद के लिए कम से कम चार उपाय सुझाइए।
5. अपने किन्हीं चार मित्रों या परिवार के सदस्यों से उनकी का साक्षात्कार करें कि "गरीबी समाज को कैसे प्रभावित करती है।" एकत्रित डेटा और अपनी व्यक्तिगत राय का विश्लेषण करते हुए एक तुलनात्मक रिपोर्ट तैयार कीजिए।
6. कल्पना कीजिए कि आपके पड़ोस में एक जोडा वैवाहिक कलह का सामना कर रहा है। पुरुष की शिकायत है कि उसकी पत्नी को उसके माता-पिता से पर्याप्त पैसे नहीं मिले, जबकि महिला अपने पति द्वारा रोजाना शराब पीने की शिकायत करती है। वैवाहिक कलह को कम करने में आप इस जोड़े की कैसे मदद करेंगे? कारणों सहित अपने उत्तर का समर्थन कीजिए।

7. एक इलाके में किशोरों में नशे की लत की समस्या खतरनाक दर पर है और साथ ही स्कूल छोड़ने की प्रवृत्ति देखी जा रही है। इन समस्याओं को कम करने के लिए कम से कम पांच तरीकों पर चर्चा कीजिए।

8. अपने इलाके के किसी भी सरकारी या निजी स्कूल (प्राथमिक या माध्यमिक) में जाएँ। शिक्षकों और छात्रों के साथ अपने अनुभव के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

   क) छात्रों की नियमितता और निरंतरता के बारे में शिक्षकों से बात कीजिए। अपने भाषण के परिणाम की व्याख्या करते हुए एक रिपोर्ट लिखिए।

   ख) कम से कम दस छात्रों से शिक्षा प्राप्त करने की प्रक्रिया में उनके सामने आने वाली समस्याओं के बारे में बात कीजिए और एक रिपोर्ट तैयार कीजिए।

9. अपने आस-पास कम से कम दस लोगों से बात करें और उनके साथ अपने इलाके में मौजूद प्रमुख सामाजिक समस्याओं के बारे में चर्चा कीजिए। इन समस्याओं के बारे में एक रिपोर्ट लिखिए और प्रत्येक समस्या के लिए दो-दो उपाय सुझाइए।